तापमान
अधिकतम 34.0 डिग्री
न्यूनतम 18. 0 डिग्री

हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार, 22 मार्च 2024

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा |जैजैपुर| डभरा | सक्ती

4 कलेक्टर ने कंट्रोल रुम, सी-विजिल एमसीएमसी कक्ष का किया निरीक्षण



CRASH COURSE
NEET / IIT-JEE
HOSTEL AVAILABLE
ADMISSION OPEN
NURSING PHARMACY
ICAR CUET PET PAT PPT NDA
1st BATCH - 23-03-2024
2nd BATCH - 27-03-2024
THE BEST COACHING INSTITUTE FOR JEE / NEET IN KORBA



DROPPER BATCH
NEET / IIT-JEE
CLASSES START
13th MAY
SCHOOL + COACHING
6th 7th 8th 9th 10th 11th 12th with NEET/IIT-JEE
HOSTEL AVAILABLE
ADMISSION OPEN
विशेष : 1. कक्षाएँ 01 अप्रैल से आरंभ
2. कमजोर विद्यार्थियों के लिए पृथक बैच
3. साप्ताहिक टेस्ट
4. प्रतिदिन डाउट क्लीयरिंग क्लासेस
5. नोट्स / मासिक टेस्ट सीरिज
IQRA CLASSES, (A UNIT OF PCM CLASSES) NEAR NIHARIKA TALKIES, KORBA
8962373124,7000684821,9827109471

## खबर संक्षेप

### 12वीं की पेपर में नवागढ़ में बना एक नकल प्रकरण

**जांजगीर-चांपा।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आज आयोजित हाई स्कूल/हायर सेकेण्डरी परीक्षा हेतु कक्षा 12 वीं की जीव विज्ञान, अर्थशास्त्र, पशुपालन, भारतीय कला का इतिहास विषय की परीक्षा सुचारू रूप से संचालित हुई। जिला शिक्षा अधिकारी कक्षा 12वीं की जीव विज्ञान, अर्थशास्त्र, पशुपालन, भारतीय कला का इतिहास विषय की परीक्षा में जिले के कुल पंजीकृत 8795 मे से 8612 विद्यार्थी शामिल हुए। जबकि 183 परीक्षार्थी अनुपस्थित थे। इस परीक्षा में जिला शिक्षा अधिकारी की टीम द्वारा सरस्वती शिशु मंदिर नवागढ़ में 1 नकल प्रकरण दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया कि विकासखण्ड अकलतरा में 1044, बलौदा विकासखण्ड में 1091, बम्हनीडीह विकासखण्ड में 1905, नवागढ़ विकासखण्ड में 3019, पामगढ़ विकासखण्ड में 1553 परीक्षार्थी उपस्थित थे।

### होली त्यौहार को लेकर 25 को बंद रहेंगी मदिरा दुकानें

**जांजगीर-चांपा।** कलेक्टर आकाश छिकारा ने होली पर्व पर 25 मार्च को शुष्क दिवस घोषित किया है। होली के अवसर पर जांजगीर-चाम्पा जिले में स्थित सभी प्रकार की मदिरा दुकानें अर्थात देशी मदिरा सी.एस.2 देशी मदिरा सी.एस.-2 , विदेशी मदिरा एफ.एल.1 (घघ) एवं भण्डारण भाण्डागार जांजगीर को 24 मार्च को समय अवधि पश्चात बन्द करने एवं सोमवार 25 मार्च को पूर्णतः बन्द रखने का आदेश जारी किया गया है।

### सरकार बदलते ही माटी कला बोर्ड की सदस्य बीजेपी में शामिल

**पामगढ़।** भाजपा की तरफ से जिलों में अमूमन हर दिन पार्टी प्रवेश का उत्सव मनाते हुए कांग्रेस और दूसरे दलों के नेताओं को अपने पाले में किया जा रहा हैं। ताजा दलबदल जांजगीर-चाम्पा जिले में सामने आया हैं। दरअसल यहाँ माटी कला बोर्ड की सदस्य रही पुनिता प्रजापति बीजेपी में शामिल हो गई हैं। पुनिता माटी कला बोर्ड की सदस्य होने के साथ महिला कांग्रेस की प्रदेश सचिव और कमरीद गांव के सरपंच पद पर भी है। पुनिता प्रजापति 2013 से पामगढ़ विस क्षेत्र में कांग्रेस के सक्रिय सदस्य रही हैं। आज डिप्टी सीएम विजय शर्मा और छग भाजपा के सह-प्रभारी नितिन नबीन की मौजूदगी में पुनिता प्रजापति भाजपा में शामिल हो गई। उन्होंने पार्टी छोड़ने की वजहों का खुलासा अपने इस्तीफे में किया हैं।



### पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए ऑनलाइन आवेदन 15 तक

**जांजगीर-चांपा।** राज्य में संचालित समस्त शासकीय, अशासकीय महाविद्यालय, विश्वविद्यालय, इंजीनियरिंग कॉलेज, मेडिकल कॉलेज, नर्सिंग कॉलेज, पॉलिटेक्निक एवं आईटीआई आदि के प्राचार्य, संस्था प्रमुख, छात्रवृत्ति प्रभारी एवं उनमे अध्ययनरत अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थी द्वारा संचालित पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति की पात्रता रखते हैं, को सूचित किया गया है कि शिक्षा सत्र 2023-24 हेतु ऑनलाइन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के पंजीयन स्वीकृति एवं वितरण की कार्यवाही वेबसाइट पर ऑनलाइन की जा रही है।

### लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा का कार्यकर्ता सम्मेलन

# संगठन सह प्रभारी व डिप्टी सीएम ने कार्यकर्ताओं को दिए जीत के मंत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

लोकसभा चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी का कार्यकर्ता सम्मेलन जिला भाजपा कार्यालय जांजगीर में हुआ। इस दौरान प्रदेश भाजपा संगठन के सह प्रभारी नितीन नवीन, उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा सहित प्रदेश के दिग्गज नेताओं ने कार्यकर्ताओं को जीत के मंत्र दिए। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता केन्द्र सरकार की उपलब्धियों और राज्य सरकार के तीन महीने के अल्प समय में पूरी की गई। मोदी की गारंटी सहित अन्य वायदों को जनता के बीच जाए।

कार्यकर्ता सम्मेलन के दौरान प्रदेश सह प्रभारी ने कहा कि लोकसभा प्रबंधन समिति के सभी प्रभारी एवं संयोजकों से वन टू वन चर्चा कर उनके संबंधित विभाग एवं प्रभार के बारे में चर्चा की एवं हम कैसे इस लोक सभा चुनाव में अपने कार्यों के द्वारा सशक्त भूमिका निभाएं उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि भाजपा की सरल व्यक्तित्व की धनी कमलेश जांगड़े को जीताने के लिए अपील किया। क्लस्टर प्रभारी राजेश मूणत ने भी संबोधित किया एवं संगठनात्मक विषयों पर चर्चा की पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल सांसद गुहाराम अजगले लोकसभा पूर्व मंत्री मेधाराम साहू सक्ती जिलाध्यक्ष कृष्णकांत चंद्रा, खिलावन साहू दिनेश जांगड़े, कमला देवी पाटले जिला प्रभारी गुरुपाल भल्ला निर्मल सिन्हा गुलाब चंदेल, लीलाधर सुल्तातनिया, अमर सुल्तानिया, सनम जांगड़े, प्रशांत ठाकुर, मेधाराम साहू, संतोष लहरे, अंबेश जांगडे सहित भाजपा पदाधिकारी उपस्थित थे।




भाजपा कार्यकर्ता सम्मेलन में शामिल नितीन नवीन, विजय शर्मा सहित अन्य पदाधिकारी

### डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने गिनाई केन्द्र व राज्य सरकार की उपलब्धियां




भारतीय जनता पार्टी की बैठक मे जांजगीर भाजपा कार्यालय पहुंचे छग के उप-मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने पत्रकार वार्ता को सम्बोधित करते हुए कहा कि छग की विष्णुदेव की भाजपा सरकार ने सत्ता मे आते ही 100 दिन के अंदर अपने सभी वादे पूरा करते हुए सफलता और विश्वास के कीर्तिमान रचे है जितने कांग्रेस सरकार ने अपने पांच वर्ष मे भी नही किए देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जो गारंटिया दी थी उनमे से सभी महत्वपूर्ण गारंटीया पुरी कर ली हमने 18 लाख आवासहीन परिवारो को अपने पहले ही कैबिनेट बैठक मे आवास उपलब्ध कराने का अभूतपूर्व निर्णय लिया महतारी वंदन योजना के तहत 70 लाख से अधिक महिलाओ के खाते मे एक हजार की पहली किस्त डालते हुए लगभग 655 करोड़ रूपए डाले हर प्रतिवर्ष उन्हे 12 हजार रू दिए जायेंगे किसानो से हमने किए गए वादे को भी 3100 रू प्रति किंवटल देकर प्रदेश के 24 लाख 70 हजार किसानो के खाते मे 13 हजार 320 करोड रू का एकमुश्त भुगतान किया इसी तरह तेनदुपता संग्राहको को प्रति बोरा 4500 बढ़ाकर 5500 रुपए किया। पत्रकार वार्ता मे सासंद गुहाराम अजगले पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल गिरधर गुप्ता पंकज अग्रवाल मनोज मिश्रा उपस्थित थे।

# लोकसभा चुनाव देश की दशा दिशा करेगा तय : पायलट

### कार्यकर्ताओं को रिचार्ज करने पहुंचे प्रदेश प्रभारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

हर पांच साल में जनता नई सरकार चुनती हैं, लोकतंत्र में जीत भी होती हैं हार भी होती हैं। ये चुनाव मजबूती से लड़ना होगा। 10 साल से सरकार भारतीय जनता पार्टी की हैं। जिन वादों को करके बीजेपी सरकार बनी, उन पर ध्यान नहीं दिया। सरकार का ध्यान किसान और नौजवान पर नहीं हैं। संस्थाओ को खोखला करने का काम कर रही हैं।

उक्त बातें कांग्रेस कमेटी के छत्तीसगढ़ प्रभारी सचिन पायलट ने कही। वे गुरूवार 21 मार्च को जिला मुख्यालय जांजगीर के अग्रसेन भवन में कांग्रेस कार्यकर्ताओं के लोकसभा स्तरीय सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। श्री पायलट ने कहा कि भाजपा कांग्रेस पार्टी के खाते सीज कर रही है। ऐसे में लोकतंत्र कैसे जीवित रहेगा। ईडी और आईटी की कार्रवाई कांग्रेस के नेताओं पर की जा रही हैं। इन बातों को जनता के बीच लेकर जाना होगा। इस क्षेत्र में जो परिणाम विधानसभा में आए थे उससे बेहतर परिणाम लाना है। ये चुनाव देश की दशा और दिशा को तय करेगा। इसके पूर्व कार्यक्रम को नेता प्रतिपक्ष डा. चरणदास महंत ने संबोधित करते हुए कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर कार्य करने की बात कही। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी कार्यकर्ताओं की बदौलत जीवित है और निष्ठावान कार्यकर्ताओ की जिम्मेदारी हैं कि कड़ी मेहनत कर पार्टी प्रत्याशी को जीत दिलाएंगे। कार्यक्रम को कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष दीपक बैज, कांग्रेस के सह प्रभारी विजय जांगिड़, जांजगीर चांपा विधायक ब्यास नारायण कश्यप, अकलतरा विधायक राघवेन्द्र कुमार सिंह, पामगढ़ विधायक शेषराज हरवंश, चंद्रपुर विधायक रामकुमार यादव, लोकसभा प्रत्याशी डॉ. शिव कुमार डहरिया आदि ने संबोधित किया। इस मौके पर दिनेश शर्मा, गुलजार सिंह, भगवान दास गढ़ेवाल, विवेक सिसोदिया, संतोष शर्मा सहित कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।



कांग्रेस के लोकसभा स्तरीय सम्मेलन में कार्यकर्ताओं के साथ प्रदेश प्रभारी।

### सरकारी संस्थानों का दुरूपयोग, खतरे में देश का लोकतंत्र

सम्मेलन के उपरांत पत्रकारों से चर्चा करते हुए अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं छत्तीसगढ़ के प्रभारी सचिन पायलट ने कहा कि आज देश का लोकतंत्र खतरे में है। सरकारी संस्थानों का दुरूपयोग किया जा रहा है। दूसरी पार्टी के नेताओं को दबावपूर्वक अपनी पार्टी में प्रवेश कराने का काम हो रहा है। उन्होंने कहा कि इलेक्ट्रोल बांड मामले में जिस पार्टी को हजारों-करोड़ का चंदा मिला, उस पर कार्रवाई करने के बजाए दशकों पुराने मामले में कांग्रेस का खाता सीज किया गया है। इन सब बातों को जनता तक पहुंचाना है। लोकसभा का चुनाव राष्ट्रीय मुद्दों पर होता है। केन्द्र की नाकामी और वर्तमान परिस्थिति को देखते हुए उम्मीद है कि बेहतर परिणाम आएंगे।

## चिड़ियामार बंदूक से धमकाने वाले 3 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

चिडीमार बंदूक से डरा धमका कर शराब पीने के लिए पैसे की मांग करने वाले 3 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मामला अकलतरा के पीपलपारा का है। अपराध धारा सदर का सबूत पाए जाने से गिरफ्तार कर आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

- थाना अकलतरा अंतर्गत पीपलपारा का मामला

इस संबंध में अकलतरा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी सम्मेलाल श्रीवास उम्र 54 वर्ष निवासी नायक टांड अकलतरा 12 मार्च को करीबन शाम 4 बजे अपने पडोसी के साथ अपने घर के सामने बैठे थे। उसी समय आरोपीगण प्रार्थी के पास मोटरसायकल मे आये और हाथ मे रखे चिडिमार बंदूक से डराने धमकाने लगा और शराब पीने के लिए पैसे की मांग कर मारपीट कर अश्लील गाली गलौच कर जान से मारने की धमकी देने लगा। प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना अकलतरा में धारा 294, 506, 323,327,34 भादवि 25,27 आर्म्स एक्ट कायम कर विवेचना में लिया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना अकलतरा पुलिस द्वारा आरोपियो को उसके सकुनत से पकड़ा जिसको हिरासत में लेकर घटना के संबध में पूछताछ किया तो जुर्म स्वीकार किए जाने से तथा अपराध धारा सदर का सबूत पाए जाने से विधिवत गिरफ्तार कर 21 मार्च को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। सम्पूर्ण कार्यवाही में निरीक्षक दिनेश कुमार यादव, उपनिरीक्षक बी.एल कोसरिया, विनोद राठौर बृजपाल बर्मन का योगदान सराहनीय रहा।



जब्त बंदूक के साथ पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

## शादी का झांसा देकर दैहिक शोषण, आरोपी गिरफ्तार

**जांजगीर-चांपा।** शादी का झांसा देकर दैहिक शोषण करने वाला फरार आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मामला शिवरीनारायण थाना क्षेत्र का है।

इस संबंध में शिवरीनारायण पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थिया ने 6 फरवरी को थाना शिवरीनारायण में रिपोर्ट दर्ज कराया कि सुरेश तुरकाने निवासी भिलौनी थाना पचपेडी जिला बिलासपुर द्वारा शादी करने का झांसा देकर दैहिक शोषण किया। रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध थाना शिवरीनारायण में धारा 376 भादवि 04, 06 पाक्सो एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया जाकर विवेचना कार्यवाही में लिया गया है। आरोपी घटना घटित कर फरार हो गया था जिसकी पुलिस द्वारा लगातार पतासाजी की जा रही थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि आरोपी सुरेश तुरकाने को पकड़ा। जिसको हिरासत में लेकर घटना के संबंध में पुछताछ किया गया जो जुर्म स्वीकार किए जाने तथा आरोपी के विरूद्ध अपराध धारा सदर का सबूत पाए जाने से गिरफ्तार कर 21 मार्च को न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है। उपरोक्त कार्यवाही में उप निरीक्षक सागर पाठक थाना प्रभारी शिवरीनारायण, सउनि नीलमणी कुसुम आरक्षक महेंद्र राज, रामकुमार कश्यप का योगदान रहा।

# होली को लेकर पुलिस विभाग अलर्ट 12 सौ डरावने मुखौटे की बनाई जब्ती

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

होली त्यौहार के मददेनजर पुलिस विभाग इन दिनों अलर्ट मोड़ पर है। इसी के तहत जांजगीर पुलिस ने विभिन्न दुकानों से 12 सौ डरावनी मुखौटे को जब्त किया।

**खास बात**
- जिला मुख्यालय के दुकानों में दी गई दबिश

इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक विवेक शुक्ला के निर्देशन में जांजगीर के दुकानों से भारी मात्र में बनावटी डरावनी मुखौटा को बरामद करने की कार्रवाई की गई। थाना जांजगीर पुलिस को सूचना मिला की जांजगीर के कुछ दुकानो में विभिन्न प्रकार के डरावनी मुखौटा की बिक्री की जा रही है, जिससे पहनने से लोगो को डराया जा सकता है। सूचना पर मौके पर जाकर दुकानों में दबिश दी गई। जहां लगभग 1200 नग डरावनी मुखौटा को जप्त किया गया है। उपरोक्त कार्यवाही में निरीक्षक प्रवीण कुमार द्विवेदी थाना प्रभारी जांजगीर एवं थाना जांजगीर स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा।



पुलिस द्वारा जब्त किया गया मुखौटा।

### कलेक्टर ने खरीदी प्रभारी एवं मिलर्स को उठाव जल्द कराने कहा

# उपार्जन केन्द्रों में 3 लाख 47 हजार क्विंटल धान का उठाव किया जाना शेष

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

सक्ती जिले में 125 उपार्जन केन्द्रों के माध्यम से 51 लाख 74 लाख क्विंटल धान की खरीदी की गई है। जिसमें से 3 लाख 47 हजार धान का उठाव आज पर्यन्त तक नहीं हो पाया है। इधर होली त्यौहार के साथ साथ मौसम परिवर्तन को देखते हुए कलेक्टर ने नोडल अधिकारी एवं मिलर्स की बैठक ली। इस दौरान धान का उठाव जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश दिए है।

ज्ञात हो कि गुरूवार 21 मार्च को कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी अमृत विकास तोपनो ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में धान उठाव के संबंध में सभी मिलर्स की बैठक ली। जिले में 51 लाख 74 हजार क्विंटल धान की खरीदी हुई है जिसमे से 5 लाख 5 हजार क्विंटल धान का डी.ओ. कट चुका है और धान उठाव डी.ओ के विरुद्ध 3 लाख 47 हजार क्विंटल धान का उठाव शेष है। कलेक्टर द्वारा मिलर्स को शीघ्र धान उठाव हेतु निर्देशित किया गया। सक्ती जिले में 125 उपार्जन केन्द्रों के माध्यम से 51 लाख 74 लाख क्विंटल धान की खरीदी की गई है। जिसमें से 3 लाख 47 हजार धान का उठाव आज पर्यन्त तक नहीं हो पाया है। इधर होली त्यौहार के साथ साथ मौसम परिवर्तन को देखते हुए कलेक्टर ने नोडल अधिकारी एवं मिलर्स की बैठक ली। नॉन के लक्ष्य के विरुद्ध अनुपातिक चावल अधिक से अधिक जमा करने हेतु निर्देशित किया गया। उल्लेखनीय है कि धान खरीदी को समाप्त हुए डेढ़ महीने से अधिक समय बीत चुका है। इसके बावजूद सक्ती जिले में अब तक 3 लाख 47 हजार क्विंटल धान का उठाव पूरा नहीं हो पाया है।

नोडल अधिकारी जिला सहकारी बैंक, सहकारी संस्थाएं को उपार्जन केन्द्रों में उपलब्ध धान को मौसम को देखते हुए सुरक्षित रखने के निर्देश दिए। बैठक में जिला खाद्य अधिकारी अमृत कुजूर, सहकारिता संस्थाएं विभाग सुश्री माहेश्वरी तिवारी, जिला विपणन अधिकारी श्रीमती शोभना तिवारी, जिला प्रबंधन नान श्री रेड्डी, नोडल अधिकारी जिला सहकारी बैंक शत्रुहन पैकरा सहित विभिन्न मिलर्स प्रतिनिधि उपस्थित रहे।





मिलर्स को निर्देश देते सक्ती कलेक्टर अमृत विकास तोपनो।

## चोरी की बाइक के साथ दो आरोपी चढ़े पुलिस के हत्थे

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

चोरी के मोटर सायकल समेत 2 आरोपी को गिरफ्तार करने में जांजगीर पुलिस को सफलता मिली है। बताया जाता है कि उक्त चोरी की बाइक को खपाने के लिए ग्राहक की तलाश कर रहे थे। आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी शिवनारायण सोनी निवासी वार्ड नं 19 जांजगीर ने 8 मार्च को ग्राम पीथमपुर मंदिर दर्शन करने गया था। जिसके द्वारा मोटर सायकल हिरो सलेन्डर प्लस क्रमांक सीजी-11 एटी 5835 को मंदिर के आस-पास खड़ा किया था जिसको कोई अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर ले गया था। इसी प्रकार दिलीप कुमार बरेठ निवासी तिलई थाना की बाइक सेंधवार महादेव मंदिर जांजगीर से बाइक हो गई थी। अज्ञात आरोपी के विरूद्व थाना जांजगीर में धारा 379 भादवि कायम कर विवेचना में लिया गया। इसी दौरान मुखबीर सूचना मिला कि दो व्यक्ति चोरी का मोटर सायकल बेचने के फिराक में सम्राट ढाबा बनारी के पास घुम रहे है। आरोपी ओमकार किरण निवासी घनवा थाना जांजगीर एवं दुर्गेश कुमार खरे निवासी दर्री थाना पामगढ़ को गिरफ्तार कर दिनांक 21 मार्च को न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है। उपरोक्त कार्यवाही में निरीक्षक प्रविण कुमार द्विवेदी थाना प्रभारी जांजगीर सउनि बलवंत धृतलहरे प्रआर राजकुमार चन्द्रा, रमेश त्रिपाठी का योगदान रहा।

## खबर संक्षेप

### कराते चैंपियनशिप में सिल्वर मेडल विजेता स्नेहा का सम्मान

**कोरबा।** अंतरराष्ट्रीय कराते चैंपियनशिप में भाग लेकर सिल्वर मेडल जीतने वाली स्नेहा बंजारे का सम्मान भाई कन्हैया जी वेलफेयर सोसायटी ने किया है। यह सम्मान मुख्य अतिथि डॉ. सरफराज खान, विशिष्ट अतिथि धीरज राकेजा, बीके वेलफेयर सोसायटी के अध्यक्ष जगबीर सिंह गिल, हरवीर सिंह होरा, टीपी गुप्ता, आशीष राव, धन्नू, विक्की, रीता, संगीता रावत, शमा फैज, शिल्पी सिंह व बीके वेलफेयर महिला क्रिकेट टीम के खिलाड़ी व कोच करतार सिंह, गोगी भुल्लर की उपस्थिति में दिया।

### एटीएम की सुविधा नहीं, मुख्यालय की लगानी पड़ रही दौड़

**कोरबा।** जिला सहकारी केंद्रीय मर्यादित बैंक शाखा कोरबा के खातेदार लंबे समय से एटीएम की सुविधा शुरू करने की मांग कर रहे हैं, लेकिन प्रबंधन इसे लेकर गंभीरता नहीं दिखा रही है। इसकी वजह से किसानों को लंबी दूरी तय कर लेन-देन के लिए शाखा पहुंचना पड़ रहा है। चार से पांच घंटे की लंबी कतार में खड़ा रहना पड़ रहा है। इसके बाद भी जरूरत के मुताबिक रुपए नहीं मिल रहे हैं। सहकारी बैंक के कोरबा शाखा में 11 समितियों के लगभग 12 हजार से अधिक किसानों का खाता है, लेकिन इनकी सुविधा के लिए एक एटीएम भी चालू नहीं किया जा सका है। इन खातेदारों को सुविधा उपलब्ध कराने में प्रबंधन पीछे है। इस कारण हो रही अव्यवस्था से खातेदारों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।बताया जा रहा है कि कोरबा शाखा में लगभग 11 समितियों अंतर्गत करीब 12 हजार से किसानों का खाता है। किसानों की ओर से बेची गई धान की राशि की इसी बैंक शाखा के खाते में आती है। बड़ी संख्या में किसान बैंक पहुंचने पर शाखा के बाहर लंबी कतार लग रही है।

### मिट्टी खोदकर सडक़ किनारे किया डंप, चलना हो रहा मुश्किल

**कोरबा।** कबीर चौंक, गेवरा बस्ती, धरमपुर मुख्य मार्ग पर चलना मुश्किल हो गया है। इस मार्ग पर बने गड्ढों से हो रही परेशानी के मद्देनजर एसईसीएल प्रबंधन ने मरम्मतीकरण कराने का कार्य शुरू किया है। इसके लिए कार्य ठेका पद्धति से कराया जा रहा है। ठेकेदार द्वारा 15 दिनों पूर्व कार्य प्रारंभ करते हुए सडक़ की परत को निकालकर मलबे को लोगों के घरों व दुकानों के सामने ही डंप कर दिया। इसके बाद से काम को बंद कर दिया है। इससे लोगों को जहां सडक़ पर आवागमन करने में परेशानी हो रही है वहीं मलबे के कारण यहां निवासरत लोगों व व्यवसायियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। चारपहिया वाहनों को सडक़ को खोदे जाने से आवागमन के दौरान नुकसान पहुंच रहा है। मोटर सायकल चालकों को भी काफी परेशानी हो रही है। सडक़ किनारे निवासरत लोगों को अपनी चारपहिया वाहन यहां-वहां खड़ी करनी पड़ रही है। इससे लोगों में आक्रोश व्याप्त है। भिलाईबाजार-गेवरा बस्ती मुख्य मार्ग का मरम्मतीकरण कराने एसईसीएल ने ठेका कंपनी को कार्य दिया है। ठेका कंपनी द्वारा कार्य प्रारंभ करते हुए सडक़ को खोदकर मलबा हटाया गया। इसे बाजू में ही डंप कर दिया गया। 15 दिनों से ठेकेदार ने कार्य बंद कर रखा है। इससे लोगों की समस्याएं बढ़ गई है।गेवरा बस्ती-भिलाई बाजार मार्ग को खोदकर छोड़ दिए जाने से एक ओर जहां लोगों को आवागमन में परेशानी हो रही है ।

**न्यायालय तहसीलदार अड़भार जिला-सक्ती (छ.ग.)**

ग्राम - अड़भार तहसील अड़भार

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक नरेन्द्र कुमार गवेल पोस्ट सारसकेला तहसील अड़भार जिला सक्ती छ.ग. के द्वारा अपने स्वयं की भूमि स्वामी हक की भूमि अड़भार तहसील अड़भार जिला सक्ती (छ.ग.) में अवस्थित भूमि ख.न. 234 / 2 में नये रिटेल आउटलेट स्थापित किया जाना है।

अतः आवेदित उक्त भूमि का नया रिटेल आउटलेट स्थापित होने पर जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ती हो तो वे अपनी आपत्ती इस न्यायालय में दिनांक 04/04/2024 तक स्वयं या अधिवक्ता के जरिये उपस्थित होकर विधि अनुसार लिखित रुप से आपत्ती पेश कर सकते है । नियत तिथि के बाद प्राप्त आपत्ती पर कोई विचार नही किया जायेगा ।

आज दिनांक 19/03/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा लगाकर जारी किया गया।

**तहसीलदार**
**जिला सक्ती छ.ग.**
**जिला-सक्ती (छत्तीसगढ़)**

# डेढ़ साल से बंद है जल आवर्धन योजना के वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का कार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पाली नगर पंचायत के लिए राज्य शासन द्वारा वर्ष 2017 में स्वीकृत की गई जल आवर्धन योजना का कार्य आज तक पूरा नहीं हो सका है। पांच साल की अवधि में नगरवासियों को पानी सप्लाई हो जाना था, किंतु एनीकट से पाइप लाइन से पानी लाकर वाटर ट्रीटमेंट प्लांट तक लाना था, लेकिन आज तक वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का कार्य पूरा नहीं हो सका है, जिससे इस गर्मी में नगरवासियों सहित आसपास के चार ग्राम पंचायतों को पानी मिल पाना मुश्किल साबित हो रहा है।

अलग खबर

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा छोटे-छोटे नगरीय निकायों के लिए जल आवर्धन योजना लागू की थी। शासन की इस योजना में जिले के पाली नगर पंचायत को भी शामिल किया गया था। वर्ष 2017 में इसकी स्वीकृति दी गई थी और टेंडर निकालकर काम शुरू किया गया। सिंचाई विभाग के मुनगाडीह एनीकट से पाइप लाइन बिछाकर हाईस्कूल पाली के पास वाटर ट्रीटमेंट प्लांट बनाने और वहां से पानी की सप्लाई घर-घर करने का कार्य शामिल था। इस कार्य का श्रीगणेश होने के बाद प्रथम चरण में तेजी से काम हुआ। एनीकट से 8 किलोमीटर लंबी पाइप लाइन के हाईस्कूल तक बिछाई गई। जहां योजना का दूसरे चरण के तहत वाटर ट्रीटमेंट प्लांट बनाना था। इसके अलावा प्लांट से नगर पंचायत के सभी वार्डों में पाईप लाईन बिछाकर घर-घर कनेक्शन देना था। दोनों कार्य को पूरे हुए, किंतु वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का काम आज तक पूरा नहीं हो सका है।

## पांच साल से चल रहा 8 करोड़ की लागत वाली योजना का कार्य

**खास बातें**

- वर्ष 2017 में पाली नगर पंचायत के लिए स्वीकृत हुई थी योजना
- मार्च 2023 में पानी सप्लाई की हुई थी तैयारी



**काम चल रहा है**

जल आवर्धन योजना के तहत वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का निर्माण किया जा रहा है, जिसका कुछ काम तकनीकी कारणों से रूका हुआ है। जिसे शुरू कर दिया गया है। पूरा होते ही वार्डों में पानी की सप्लाई शुरू कर दी जाएगी।

**-अनिल कुमार बच्चन,** कार्यपालन अभियंता, पीएचई

### मार्च 2023 में पानी सप्लाई की थी तैयारी

जल आवर्धन योजना से घर-घर में कनेक्शन देकर पानी सप्लाई करने के लिए 1 मार्च 2023 की तिथि तय की गई थी। नगर पंचायत अध्यक्ष के द्वारा आम नागरिकों को इस बात की जानकारी दी गई थी कि उनके द्वारा इसके लिए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों से लगातार पत्र व्यवहार किया जाता रहा और वह हमेशा कार्य जल्द पूरी होने की जानकारी देते रहे। पूरा वर्ष गुजर गया पानी नहीं पहुंचा।

### अध्यक्ष करेंगे आंदोलन

जल आवर्धन योजना का काम पूरा नहीं होने को लेकर नगर पंचायत के अध्यक्ष उमेश चंद्रा का कहना है कि लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग ने मार्च 2023 तक पानी सप्लाई की बात कही थी, लेकिन अब तक काम पूरा नहीं हुआ। अगर 31 मार्च तक काम पूरा नहीं होता है तो नगरवासियों के साथ मिलकर आंदोलन करेंगे।

## एक दिन में किया 3 लाख टन कोयला उत्पादन

# मेगा परियोजना गेवरा ने बनाया कोयला उत्पादन का रिकार्ड

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

वित्तीय वर्ष समाप्ति से पहले एसईसीएल प्रबंधन अपने सालाना 197 मिलियन टन कोयला उत्पादन के लक्ष्य को हासिल करने की कवायद में जुटा हुआ है। इस कवायद में एसईसीएल की सबसे बड़ी कोयला उत्पादक खदान गेवरा का बखूबी साथ मिल रहा है। 17 मार्च को एसईसीएल ने कुल 8 लाख 48 हजार टन कोयला का एक दिन में उत्पादन किया है। इसमें गेवरा एरिया ने अकेले ही 3 लाख टन कोयला उत्पादन किया है। आगे 3 लाख 50 हजार टन से अधिक कोयला उत्पादन की प्रतिदिन तैयारी कर ली गई है।



फाइल फोटो

एसईसीएल ने अपने कोयला उत्पादन के डेली प्रोडक्शन से 17 मार्च को 8 लाख टन से ज्यादा कोयला उत्पादन किया। इसमें कोल कंपनी के जिले की मेगा माइंस का सर्वाधिक योगदान रहा। 14 दिनों में एसईसीएल को अब 22 मिलियन टन से अधिक कोयला उत्पादन करना होगा तभी वह इस साल का लक्ष्य हासिल कर पाएगा। किसी भी वित्तीय साल में अब तक का सर्वाधिक 167 मिलियन टन कोयला उत्पादन का रिकार्ड एसईसीएल इस बार तोड़ चुकी है। कंपनी नए रिकार्ड की ओर अग्रसर है। मगर एसईसीएल का फोकस 197 मिलियन टन कोयला उत्पादन के लक्ष्य पर है। एसईसीएल अब तक लगभग 175 मिलियन टन कोयला उत्पादन कर चुकी है। पिछले साल की तुलना में उक्त अवधि में यह उत्पादन 19 मिलियन टन से ज्यादा है। समान अवधि में पिछले वित्तीय वर्ष में 155.35 मिलियन टन उत्पादन हुआ था। खास बात है कि डेली कोयला उत्पादन में गेवरा एरिया ने अपने बूते में 3 लाख टन से ज्यादा कोयला का उत्पादन कर लिया है जो इस वित्तीय वर्ष में किसी एक दिन में एरिया का सर्वाधिक उत्पादन है। मार्च में लक्ष्य तक पहुंचने एसईसीएल को रोजाना 8 लाख 38 हजार टन कोयला उत्पादन करना है। इस लिहाज से शनिवार को कंपनी ने 12 हजार टन ज्यादा उत्पादन करते हुए 8 लाख 48 हजार टन कोयला उत्पादन किया। खास बात है कि यह किसी एक दिन में किया गया यह वित्तीय वर्ष का सर्वाधिक उत्पादन है। दूसरी ओर जिले की खदानों को विस्तार की चुनौतियों से निपटना पड़ रहा है। मेगा परियोजनाओं में रोजगार, बसाहट और पुनर्वास की मांगों को लेकर भूविस्थापित आंदोलन कर रहे हैं। वहीं एरिया में विस्तार को लेकर विरोध भी है। आगामी वित्तीय वर्ष में एसईसीएल का टारगेट 200 मिलियन टन के पार पहुंचेगा। गेवरा एरिया को 70 मिलियन टन सालाना उत्पादन की पर्यावरणीय स्वीकृति मिल चुकी है। ऐसे में कंपनी प्रबंधन के सामने इन चुनौतियों से निपटने की बड़ी चुनौती है।

# पत्नी की प्रताड़ना से पति ने की आत्महत्या, जुर्म दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सिविल लाईन रामपुर क्षेत्र अंतर्गत न्यू राजस्व कलोनी रामपुर निवासी विनोद करियारे उम्र 45 वर्ष पिता स्व. तुलाराम करियारे का विवाह पिछले वर्ष पाली वार्ड नंबर 11 थाना पाली जिला कोरबा निवासी अनिता खरे उम्र 34 वर्ष पति स्व. विनोद करियारे के साथ हुआ था। विवाह के कुछ माह बाद से ही विनोद को उसकी पत्नि अनिता खरे अत्याधिक प्रताड़ित करते रहती थी। अनिता खरे हमेशा विनोद को अपने परिवार के सदस्यों से मोबाईल फोन से बातचीत करने से मना करते रहती थी तथा विनोद के वेतन की रकम को स्वयं को देने को बोलती थी। विनोद को उसके पैतृक गांव देवरी भी जाने के लिये मना करती थी। ऐसा नहीं करने पर आत्महत्या करने की धमकी देते रहती थी और पति सहित उसके पूरे परिवार को झूठे केस में फसा देने की धमकी देते रहती थी। विनोद करियारे ने अपनी पत्नि की हर हमेशा किये जाने वाले मानसिक, शारीरिक व आर्थिक प्रताड़ना से तंग आकर मृतक 1 अक्टूबर 2023 की सुबह अपने घर में कीटनाशक का सेवन कर लिया था। जिसका ईलाज के दौरान 14 अक्टूबर की शाम अपोलो अस्पताल बिलासपुर में मौत हो गई है। पुलिस ने मृतक विनोद की पत्नी अनिता खरे के विरुद्ध धारा 306 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर लिया है।

## अधेड़ की संदिग्ध मौत, जांच में जुटी पुलिस

**कोरबा।** एक अधेड़ व्यक्ति की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है लेकिन मृत व्यक्ति की पहचान नहीं होने से पुलिस की मुश्किलें बढ़ गई है। फिलहाल पुलिस ने मृतक की शिनाख्ती के लिए प्रयास किया जा रहा है। इसके उपरांत मामले में वैधानिक कार्रवाई कर शव को परिजनों के सुपुर्द किया जाएगा। जानकारी के अनुसार एक 50 वर्षीय अधेड़ व्यक्ति को कटघोरा सीएचसी से एक दिन पहले ही उपचार के लिए गंभीर अवस्था में जिला अस्पताल में दाखिल कराया गया था।

# जघन्य हत्या के मामले में 6 आरोपियों को आजीवन कैद

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

लगभग 5 वर्ष पूर्व कुसमुण्डा के प्रेमनगर में एक युवक की जघन्य हत्याकांड के मामले में न्यायालय ने 6 आरोपियों को आजीवन कारावास व 1 हजार रुपए अर्थदण्ड की सजा से दण्डित किया है।

**खास बातें**

- कुसमुंडा थाना क्षेत्र के प्रेमनगर में वर्ष 2019 में हुई थी वारदात
- द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश कटघोरा न्यायालय ने सुनाया फैसला

कुसमुण्डा थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रेमनगर कुसमुण्डा में 8-9 अक्टूबर 2019 की दरमियानी रात दुर्गा पूजा के दौरान उपजे मामूली विवाद ने एक जघन्य हत्याकांड का रूप ले लिया था, जिसमें प्रेम नगर कपाट मुड़ा स्थित सुनील सिंह, भानु कुर्रे, मृगेश साहू पर लगभग एक दर्जन युवकों ने लाठी डंडे और रॉड से हमला कर दिया था। इस घटना के बाद सुनील सिंह की मौत हो गई थी, वहीं भानु खूंटे गंभीर रूप से घायल हो गया था। तात्कालीन कुसमुण्डा थाना प्रभारी राकेश मिश्रा ने मामले की गंभीरता को देखते हुए वारदात में शामिल लगभग एक दर्जन आरोपियों के खिलाफ हत्या का अपराध दर्ज किया गया था और थाना प्रभारी श्री मिश्रा ने आरोपियों को कड़ी से कड़ी सजा हो इसके लिए मामले की बारीकी से जांच करते हुए घटना के संपूर्ण साक्ष्य एकत्रित कर इस मामले को द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश कटघोरा के न्यायालय में पेश किया गया था जहां जांच अधिकारी व गवाहों का बयान कलमबद्ध किया गया था। मामले में आरोपियों के खिलाफ दोषसिद्ध होने पर आरोपीगण प्रदीप कुमार सारथी, राकेश दास, देवेन्द्र कुमार बिंझवार, राजेश साहू, राकेश कुमार साहू तथा राहुल दास को धारा 294, 506 (2), 148, 307/149, 302/149, 427/149 में क्रमशः 1 वर्ष एवं 500 रु. का अर्थदण्ड, धारा 307 में 10 वर्ष का कारावास एवं 1000 रू. का अर्थदण्ड तथा धारा 302/149 में आजीवन कारावास एवं 1000 रू. का अर्थदण्ड से दंडित किया गया है। इस तरह प्रत्येक अभियुक्त को आजीवन कारावास एवं 27 सौ रुपए के अर्थदण्ड से दंडित किया गया है।

आरोपी दिव्यांशु मिश्रा पिता शशीकांत मिश्रा फरार हो गया है तथा 1 विधि संघर्षरत बालक भी फरार हो चुका है जिसकी तलाश जारी है।

### ट्रैक्टर की ठोकर से बाइक सवार युवक की मौत

**कोरबा।** मोटरसाइकिल में सवार होकर बालको से रिस्दी की ओर से आ रहा एक युवक के ट्रैक्टर की चपेट में आ जाने से उसकी मौत हो गई। घटना रिस्दी चौक पर घटित हुई है। जानकारी के अनुसार उड़ीसा संबलपुर के डगनिया पाली निवासी संजीव साहू 32 वर्ष पिता भगवती साहू बालको संयंत्र में ठेका कंपनी में कार्य करता था। बताया जाता है कि संजीव साहू बुधवार की दोपहर को अपने मोटरसाइकिल में सवार होकर बालको से रिस्दी की ओर आ रहा था रिस्दी चौक के समीप ब्रेकर पर उसकी मोटरसाइकिल अचानक अनियंत्रित हो गई और सामने से आ रही ट्रैक्टर की चपेट में आ गई। इस घटना में संजीव साहू गंभीर रुप से घायल हो गया। वहां मौजूद पुलिस कर्मियों की मदद से उसे आनन फानन में उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया लेकिन चिकित्सकों ने परीक्षण उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। सिविल लाइन पुलिस में इस घटना की सूचना संजीव के परिजनों को दे दी है।

# इलेक्ट्रोरल बांड आजादी के बाद पहला प्रमाणित चंदा घोटाला :कांग्रेस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

देश में सामने आए इलेक्टोरल बांड को कांग्रेस ने देश की आजादी के बाद पहला प्रमाणित चंदा घोटाला बताते हुए भाजपा की मान्यता रद्द करने की मांग की है। कांग्रेस ने भाजपा पर चंदा दो और धंधा लो का एक व्यवसाय शुरू करने का आरोप लगाया है, जो कंपनियां चंदा नहीं दी उनके ऊपर ईडी की कार्यवाही कर जबरदस्ती चंदा लिया गया। वहीं कुछ कंपनियों को चंदे के बदले में बड़े-बड़े कार्य आबंटित किए गए।

**खास बात**

- चुनावी चंदे पर कांग्रेस ने ली प्रेसवार्ता



पत्रकारों को संबोधित करते जायसवाल व अन्य।

जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष (ग्रामीण) सुरेन्द्र प्रताप जायसवाल ने प्रेस क्लब तिलक भवन में पत्रकारों से चर्चा करते हुए इलेक्टोरल बांड को आजादी के बाद से पहला प्रमाणित घोटाला बताया है। उन्होंने कहा कि वेदांता कंपनी ने जो हमेशा अपने को घाटे में चलने का रिपोर्ट देती थी वह 400 करोड़ रूपये चंदा देती है। इस चंदे से राजनीति दूषित हुई है। भाजपा ने सरकारी एजेंसी ईडी और सीबीआई के माध्यम से चंदा वसूली की है। जिन कंपनियों के द्वारा इनको चंदा नहीं दिया जाता था उन पर ईडी और सीबीआई की छापे की कार्यवाही होती थी। बड़ औद्योगिक घराने मीडिया को खरीद लिया गया है। पूर्व में मीडिया देश की आजादी के समय जन जागरूकता का काम करती थी, अब ऐसा नहीं है। मीडिया की स्वतंत्रता छिनी गई है। इलेक्टोरल बांड जैसे बड़े मामले में प्रदेश के किसी बड़े नेता का प्रेसवार्ता में नहीं आने के सवाल पर श्री जायसवाल ने कहा कि ऐसा नहीं है। कांग्रेस इस मामले को लेकर देश भर में जनता के बीच जा रही है। उन्होंने यह भी कहा कि जब भाजपा सरकार सत्ता में आई थी तब इलेक्टोरल बांड को लाया गया था और पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी ने इसका विरोध किया था।

# रोजगार सहायक के खिलाफ फर्जी शिकायत को लेकर ग्रामीण लामबंद



एसडीएम कार्यालय के सामने जमा ग्रामीण।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पोड़ी उपरोड़ा विकासखंड अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत कोरबी के रोजगार सहायक के खिलाफ कराई गई फर्जी शिकायत को लेकर ग्रामीण अब लामबंद हो गए हैं और मसले को लेकर ग्रामीणों ने अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय पहुंचकर फर्जी शिकायत को जनपद सदस्य के द्वारा साजिश कराया जाना बताया गया है। जनपद सदस्य के इस कदम को लेकर ग्रामीणों में जमकर आक्रोश है।

अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय पहुंचे ग्रामीणों ने पोडी-उपरोड़ा एसडीएम को लिखित शिकायत देते हुए बताया कि रोजगार सहायक मुकेश कुर्रे के खिलाफ फर्जी शिकायत की गई है और इसके पीछे जनपद सदस्य प्रदीप जायसवाल का हाथ है जिनके द्वारा रोजगार सहायक के उपर अपनी मर्जी से कार्य करने दबाव बनाया जाता था। रोजगार सहायक द्वारा उनके कार्य को नकारे जाने को लेकर जनपद सदस्य श्री जायसवाल नए नए हथकंडे अपनाए जा रहे हैं तकि रोजगार सहायक को उसके पद से हटाया जा सके। ग्रामीणों ने जनपद सदस्य प्रदीप जासवाल के खिलाफ भी एसडीएम को शिकायत की। उन्होंने बताया कि जनपद सदस्य गांव के विकास कार्यों में रोढ़ा अटकाते हैं जब कोई पंच उनके कार्य का विरोध करते हैं तो उसके खिलाफ शिकायत कराते हैं। जनप्रतिनिधियों के साथ पहुंचे ग्रामीणों ने रोजगार सहायक को बर्खास्त करने की कार्यवाही पर रोक लगाने की मांग की है।

## एसईसीएल माइनिंग सरदार भर्ती परीक्षा में गड़बड़ी, छात्र हो रहे परेशान

**कोरबा।** एसईसीएल द्वारा वर्ष 2023 में 30 जनवरी 2023 को माइनिंग सरदार के पद के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए थे जिसकी परीक्षा 4 जून 2023 ऑफलाइन रिटर्न परीक्षा होना तय हुआ था लेकिन किसी कारणवश कंपनी ने परीक्षा को स्थगित कर दिया। फिर लगभग 1 वर्ष बाद 23 जनवरी 2024 को ऑनलाइन रिटर्न परीक्षा आयोजित की गई। फिर 25 जनवरी 2024 को परीक्षा एजेंसी ईडी सीआईएल के द्वारा मॉडल आंसर जारी किया गया। और साथ ही जिस प्रश्न पर आपत्ति हो उसके लिए उम्मीदवार से आपत्ति मंगाया गया था। जिसमें प्रश्न पत्र में कुछ विवादित प्रश्न थे और अभ्यर्थियों ने विवादित प्रश्न पर आपत्ति जताई थी। छात्र अच्छे नंबर पाकर काफी खुश थे, परंतु जब रिजल्ट घोषित किया गया तो नतीजा कुछ और ही आया। परिणाम में इतना बदलाव देखा गया की समान अंक पाए व्यक्ति में किसी को 7 से 8 नंबर का बोनस तो किसी को सिर्फ 1 से 2 नंबर का बोनस तो किसी किसी के नंबर भी कट गए। अब ऐसे परिणाम से सभी उम्मीदवार आक्रोश में आ गए और एसईसीएल मुख्यालय में जाकर आचार संहिता के नियमों को पालन करते हुऐ शांतिपूर्वक से प्रबंधन, निदेशक संचालन, निदेशक व्यक्तिगत, महाप्रबंधक श्रमशक्ति, मुख्य सतर्कता अधिकारी, को स्कोर कार्ड के बोनस नंबर में त्रुटि सुधार हेतु आवेदन पत्र सोपा गया और परिणाम में पारदर्शिता लाने की मांग की है।



**जाँजगीर मार्केट**

**आदित्य प्लाई एण्ड हार्डवेयर**
प्रो. आदित्य सिंघानिया मो.6260115021
छड़, सीमेंट, टीन, लोहा पाईप एवं बिल्डिंग मटेरियल
विशेष-इंटीरियर एवं डेकोरेड
डीलर-अग्नि शमन यंत्र (फायर सेफ्टी)
प्लाई, सनमाईका, सेन्टिग प्लाई
विशेष-घर बनाना हुआ आसान,
रिंग सरिया छड़ द्वारा निर्मित जाली कालम बीम आर्डर पर सभी साईज में बनाया जाता है।
संबंधित प्रतिष्ठान
**सिंघानिया लकड़ी लघु उद्योग**
सभी प्रकार की लकड़ियां कम दर में प्राप्त करें
प्रो. शंकर सिंघानिया मो. 9302362173

**गुप्त रोग**
नामर्दी, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु पतला, पेशाब के साथ धातु का गिरना, जलन छोटापन, टेढ़ापन, सिपलिस, गनौरिया, चर्मरोग, इत्यादि सभी प्रकार के गुप्त रोग का इलाज किया जाता है। बिना आपरेशन अण्डकोष, बवासीर एवं भगंदर का गारंटी इलाज।
नि:संतान दंपति अवश्य मिले
**मां दुर्गा क्लीनिक**
डॉ. ए.के. विश्वास
स्टेशन रोड पी.डब्ल्यू.डी. ऑफिस के सामने गट्टानी लोहा बाड़ा के बगल, चाम्पा
मो.- 8269419396, 8670074465

**TOP IN JANJGIR**

**कोसा साड़ी शो-रूम**
**महेशराम देवांगन एंड ब्रदर्स**
• हैण्डलूम कोसा (टसर) सिल्क साड़ी (हैण्डवोभन, हैण्डब्लॉक प्रिंट्स, एम्ब्रायडरी)
• मलवरी सिल्क साड़ी • फैंसी सिल्क साड़ियाँ • सलवार सुट
• दुपट्टा • शॉल • ड्रेस मटेरियल • फर्निशिंग कपड़े इत्यादि
पोस्ट ऑफिस के सामने, गौशाला रोड, चाम्पा 495 671 (छ.ग.)
Ph. : 07819-245152, 245661, Mob. : 9425505875, E-mail : maheshramdewangan1@gmail.com

21 March -Jash-RAGH-CORIY-JANJ- Bhoomi pg3_Layout 1 3/21/2024 7:46 PM Page 1





# 100वीं फिल्म में नरसंहार करेंगे मनोज बाजपेयी

**मुंबई।** मनोज बाजपेयी की नई फिल्म 'भैया जी' का टीजर बुधवार, 20 मार्च को रिलीज हो गया है। और यकीन मानिए, यह ऐसी फिल्म लग रही है जिसका इंतजार करना भी मुश्कलि है। 'सत्या', 'शूल' और 'गैंग्स ऑफ वासेपुर' में अपने इंटेंस एक्शन अवतार से खौफ पैदा करने वाले मनोज इस बार देसी एक्शन स्टार बनकर लौटे हैं। एक मिनट और 23 सेकेंड के इस टीजर में बहती हवाओं से लेकर उड़ती धूल तक में सिर्फ एक चीज है- भैया जी का खौफ। इस टीजर को शेयर करते हुए मनोज बाजपेयी ने इंस्टाग्राम पर लिखा है, 'अब निवेदन नहीं नरसंहार होगा। आ गई है भैय्या जी की पहली झलक।'



## लाइफ Style

# श्रद्धा कपूर

बॉलीवुड एक्ट्रेस श्रद्धा कपूर सोशल मीडिया फ्रीक हैं और आए दिन सोशल मीडिया पर छाई रहती हैं। इसी वजह से वो सबसे पॉपुलर भारतीय इंस्टाग्रामर्स की लिस्ट में शामिल अभिनेत्री भी हैं। एक्ट्रेस अपनी प्रोफेशनल लाइफ के साथ ही अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर भी खबरों में बनी रहती हैं। हाल में ही एक्ट्रेस का वीडियो सामने आया जो हर किसी का ध्यान खींच रहा है।

## लगी जोर की भूख, मांगने लगीं फ्री में पिज्जा

एजेंसी ⏭ मुंबई

'तू झूठी मैं मक्कार' एक्ट्रेस हाल में ही एक इवेंट में स्पॉट की गई थीं, जहां उन्हें जोर की भूख लग गई। फिर क्या था एक्ट्रेस ने वहीं खाने का इंतजाम करना शुरू कर दिया। अब आपको पूरा मामला बताते हैं। एक्ट्रेस श्रद्धा कपूर बीती शाम एक इवेंट में पहुंची ही थीं कि उन्हें काफी भूख लगी। बाहर ही पिज्जा बंट रहे थे। एक्ट्रेस झट से वहां पहुंचीं और उन्होंने बिना संकोच पूछा कि अगर एक एक्स्ट्रा हो तो उन्हें दे दें। एक्ट्रेस ने पैपराजी के लिए लगे पिज्जा स्टॉल पर जाकर कहा, 'एक एक्स्ट्रा है क्या, भैया एक लेकर जाऊं प्लीज, पक्का ये एक्स्ट्रा है न...थैंक्यू यार...मैंने देखा यहां पर क्या पार्टी चल रही है...पिज्जा पार्टी'। इसके बाद एक्ट्रेस हाथ में पिज्जा थामें और अपना गाउन संभालते आगे बढ़ गईं। इसके बाद एक्ट्रेस का एक और वीडियो सामने आया, जिसमें वो इवेंट से बाहर आते नजर आईं। इस दौरान उन्होंने बताया कि आखिर उन्होंने वहां पिज्जा क्यों मांगा था। एक्ट्रेस ने पैपराजी से कहा, 'थैंक्यू आप सबने मेरे साथ शेयर किया, मुझे बहुत भूख लगी थी। थैंक्यू मेरी तरफ से...एक ट्रीट बाकी है मेरी तरफ से'। दोनों ही वीडियो काफी वायरल हो रहे हैं। एक्ट्रेस की क्यूनेस पर लोग फिदा हो रहे हैं और उन पर कमेंट सेक्शन में खूब प्यार लुटा रहे हैं।

## हॉलीवुड मसाला



# नए जेम्स बॉन्ड पर लग गई मुहर

**लॉस एंजिलिस।** जेम्स बॉन्ड को लेकर इंटरनेट पर चर्चाओं का बाजार गर्म है। कई मीडिया रिपोर्ट्स के दावों के मुताबिक एरोन टेलर-जॉनसन अगले जेम्स बॉन्ड के रूप में पर्दे पर नजर आएंगे। एक ब्रिटिश टैबलॉयड में छपी रिपोर्ट की मानें तो वे सबसे प्रतिष्ठित पात्रों में से एक जेम्स बॉन्ड के किरदार को निभाने के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर करने से बस एक कदम दूर हैं। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि टेलर-जॉनसन को औपचारिक रूप से इस किरदार को निभाने की पेशकश की गई है और आने वाले दिनों में वे इस अनुबंध पर हस्ताक्षर कर सकते हैं। फिल्म जेम्स बॉन्ड के निर्माता ईओएन प्रोडक्शंस ने रिपोर्ट पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया है।



# 380 शब्द बोलने के लिए 127 करोड़ रुपए की फीस

**लॉस एंजिलिस।** 'जॉन विकः चैप्टर 4' के कलेक्शन ने तो बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा दिया। कियानू ने इस फिल्म के लिए जो फीस चार्ज की, उसे तो सुनिए।'जॉन विकः चैप्टर 4' की सफलता के बीच, एक नई रिपोर्ट से पता चला है कि फिल्म में कियानू रीव्स ने 169 मिनट के पूरे समय में केवल 380 शब्द बोले। इसकी तुलना में, पहली फिल्म जो 101 मिनट लंबी थी, उसमें कियानू ने 484 शब्द बोले थे। रिपोर्ट में यह भी दावा किया गया है कि कियानू ने फिल्म में जो सबसे लंबा शब्द बोला है, वह है, 'तुम और मैं बहुत समय पहले एक अच्छा जीवन पीछे छोड़ चुके हैं, मेरे दोस्त।' इसमें आगे बताया गया है कि एक्टर को फिल्म के लिए 15 मिलियन डॉलर का भारी भुगतान किया गया था, जो करीब 127.5 करोड़ रुपए हैं।



# लाल साड़ी और मांग में सिंदूर भरे दिखीं

**मुंबई।** अल्लू अर्जुन की 'पुष्पाः द राइज' साल 2021 में आई थी, तो और तभी से फैंस इसके सीक्वल का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। फैंस की एक्साइटमेंट तबसे और अधिक बढ़ गई जब साल 2023 में इसका टीजर रिलीज किया गया था। अब यह फिल्म 15 अगस्त 2024 को रिलीज होने वाली है और रश्मिका मंदाना ने शूटिंग भी शुरू कर दी है। हाल ही 'पुष्पा 2' के सेट पर रश्मिका मंदाना की एक तस्वीर सामने आई है, जिसने सोशल मीडिया पर तहलका मचा दिया है। मंदाना को 'पुष्पा 2ः द रूल' के सेट पर लाल साड़ी पहने और मांग में सिंदूर भरे स्पॉट किया गया। उनका लुक देखकर लग रहा है कि वह पुष्पराज के साथ शादी का सीक्वेंस शूट कर रही थीं। मालूम हो कि पुष्पा 2 में रश्मिका मंदाना की पुष्पराज यानी अल्लू अर्जुन से शादी हो जाएगी।



# रणदीप का ट्रांसफॉर्मेशन देख शॉक्ड हुए फैंस

**मुंबई।** 'हाईवे', 'सुल्तान' और 'सरबजीत', जैसी कईं फिल्मों में अपने अभिनय से इंडस्ट्री में धाक जमा चुके एक्टर रणदीप हुड्डा इन दिनों अपनी डायरेक्शन डेब्यू को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। एक्टर ने फिल्म 'स्वातंत्र्य वीर सावरकर' में अभिनय के साथ-साथ डायरेक्शन भी किया है। इस फिल्म में वह स्वतंत्रता सेनानी विनायक दामोदर सावरकर की भूमिका निभा रहे हैं। इसी बीच हाल ही में रणदीप हुड्डा ने अपने सोशल मीडिया पर अपनी एक तस्वीर शेयर की है, जिसमें उनका लुक लोगों को चौंका रहा है। सामने आई तस्वीर में आप रणदीप हुड्डा का ट्रांसफॉर्मेशन देख सकते हैं। किस तरह रणदीप हुड्डा ने वीर सावरकर के किरदार के लिए अपना वजन कम किया है। इस फोटो में रणदीप को पहचानना मुश्किल हो रहा है।

## टीवी मसाला



# 10 साल तक करते रहे ना-ना, अब पहली बार ठहाके लगाएंगे आमिर

**मुंबई।** जो 10 साल में कभी नहीं हुआ, जिसकी चर्चा 2013 से ही हर किसी की जुबान पर है, वह आखरिकार अब होने वाला है। कॉमेडियन कपिल शर्मा के शो में पहली बार सुपरस्टार आमिर खान मेहमान बनकर पहुंचने वाले हैं। जी हां, 'कॉमेडी नाइट्स विद कपिल' से लेकर 'द कपिल शर्मा शो' तक में तमाम सुपरस्टार्स कई बार नजर आए, लेकिन आमिर खान ने इस शो से हमेशा दूरी बनाए रखी थी। लेकिन अब ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर 30 मार्च से शुरू हो रहे 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' में यह नजारा देखने को मिलेगा, जहां मिस्टर परफेक्शनिस्ट आमिर खान, दिग्गज कपिल शर्मा, सुनील ग्रोवर और उनकी टीम के साथ जमकर हंसी ठठिोली करते नजर आएंगे। रिपोर्ट के मुताबिक, 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' के पहले एपिसोड में ही आमिर खान मेहमान बनकर पहुंचने वाले हैं। शो से जुड़े एक सूत्र के हवाले से रिपोर्ट के कहा गया है, 'आमिर खान आज तक कभी भी कपिल शर्मा के शो में नहीं आए हैं। यह पहली बार होगा जब वह कपिल के साथ कॉमेडी के मंच पर होंगे।'

# सूर्या पर भारी पड़े कंजी आंखों वाले बॉबी



**मुंबई।** 'कंगुवा' का टीज़र आखिरकार रिलीज हो गया है। मंगलवार को, सूर्या ने अपने सोशल मीडिया पर अपनी आगामी रिलीज 'कंगुवा' का एक मिनट लंबा टीज़र शेयर किया, जिस पर फैंस ने शिवा के डायरेक्शन में बनी फिल्म पर रिएक्ट किया है। पीरियड एक्शन ड्रामा फिल्म का टीज़र इस कैप्शन के साथ शुरू हुआ कि 'कंगुवा वर्ल्ड के लिए खुद को तैयार रखें। यह उस जमीन की झलक देता है जहां हिंसा और खून-खराबा होता है।' सूर्या एक भयंकर योद्धा के रोल में खूंखार दिख रहे हैं, जो युद्ध के लिए सेना का नेतृत्व करता है। टीज़र में उनके लंबे बाल हैं और उनका लुक एकदम देहाती है। इसमें बॉबी देओल के कैरेक्टर की भी झलक दिख रही है, जो फिल्म में विलन बने हैं। सूर्या ने कंगुवा के टीज़र को शेयर करते हुए लिखा, 'दोस्तों #कंगुवा की एक झलक...!' फिल्म के रिलीज डेट की अभी घोषणा नहीं की गई है।

# नितेश की 'रामायण' को मिल गया लक्ष्मण

**मुंबई।** नितेश तिवारी की आनेवाली सबसे बड़ी फिल्म 'रामायण' पिछले काफी समय से चर्चा में है। यह फिल्म पिछले कुछ समय से अपनी स्टारकास्ट को लेकर सुर्खियों में बनी हुई है। जहां रणबीर कपूर को फिल्म में भगवान राम का लीड रोल निभाने के लिए चुना गया है, वहीं साई पल्लवी सीता की भूमिका निभा रही हैं और यश रावण के रोल में नजर आएंगे। अब रिपोर्ट से पता चला है कि मेकर्स को आखिरकार अपना लक्ष्मण मिल गया है और यह कोई और नहीं बल्कि टीवी एक्टर रवि दुबे हैं। रवि एक टेलीविजन एक्टर और मेकर रहे हैं। उन्हें टेलीविजन शो 'जमाई राजा' से फेम मिला। रणबीर, साई और यश के अलावा, मेकर्स ने फिल्म में विभीषण की



भूमिका निभाने के लिए हरमन बावेजा को भी शामिल कर लिया है। फिल्म अप्रैल में फ्लोर पर जाएगी और फिल्म सिटी में इसकी शूटिंग की जाएगी। हाल ही में एक मीडिया इंटरव्यू के दौरान, अरुण गोविल से रणबीर के भगवान राम का रोल प्ले करने पर सवाल किया गया था कि क्या एक्टर रामायण में अरुण गोविल की तुलना कर सकते हैं। अरुण गोविल ने कहा कि केवल समय ही यह बताएगा कि रणबीर अपने कैरेक्टर भगवान राम को शानदार तरीके से दिखा पाएंगे या नहीं।

# विक्की नहीं बल्कि शाहिद बनेंगे 'अश्वत्थामा'

मुंबई। शाहिद कपूर आखिरी बार फिल्म 'तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया' में नजर आए थे। इस रोम-कॉम ड्रामा में शाहिद ने कृति सेनन के साथ बड़े पर्दे पर रोमांस फरमाया था। इस फिल्म ने वर्ल्डवाइड 100 करोड़ से ज्यादा का कारोबार किया है। वहीं इस फिल्म के बाद अब एक्टर एक और बड़ी फिल्म लेकर आ रहे हैं, जिसमें पहले विक्की कौशल दिखाई देने वाले थे। हम जिस फिल्म की बात कर रहे हैं वो है 'अश्वत्थामा।' जी हां, हाल ही में शाहिद कपूर ने सोशल मीडिया के जरिए अपनी नई फिल्म 'अश्वत्थामा' का ऐलान किया है। इसमें वह गुरु द्रोणाचार्य के पुत्र 'अश्वत्थामा' का किरदार निभाते नजर आएंगे। हालांकि शाहिद से पहले इस किरदार को विक्की कौशल निभाने वाले थे।



# तब्बू की फिल्म 'चांदनी बार' का बनेगा सीक्वल



**मुंबई।** तब्बू की सुपरहिट फिल्म 'चांदनी बार' का सीक्वल बन रहा है। इसके पहले पार्ट ने राष्ट्रीय पुरस्कार अपने नाम किया था। इस फिल्म की कास्टिंग से लेकर प्री-प्रोडक्शन प्रक्रियाएं शुरू हो चुकी हैं। इसको अंतिम रूप देने के बाद इस साल के मध्य तक इस फिल्म का निर्माण शुरू हो जाएगा। मोहन आजाद ने 2001 की मूल फिल्म की पटकथा और संवाद लिखे थे। वह अब अगली कड़ी पर काम कर रहे हैं, यानी दूसरे पार्ट में भी उसी प्रकार का रोमांच और रियलिज्म देखने को मिल सकता है। फिल्म की रिलीज दिसंबर 2025 में तय की गई है। हालांकि, अभी तक किसी अभिनेता से आधिकारिक तौर पर संपर्क नहीं किया गया है, लेकिन अगली फिल्म में भूमिकाओं के लिए पहली फिल्म के कुछ कलाकारों पर विचार किया जा सकता है।

# 'फेमिना ब्यूटीफुल इंडियंस 2024' अवॉर्ड में माधुरी ने लूटी महफिल

**मुंबई।** 'फेमिना ब्यूटीफुल इंडियंस 2024' अवॉर्ड नाईट का आयोजन मंगलवार शाम मुंबई में किया गया। यह पुरस्कार उन भारतीय को दिया जाता है जो किसी न किसी तरह से देशहित के लिए कुछ कर रहे हैं। आइए आपको बताते हैं कि इस मौके पर बॉलीवुड के कौन-कौन से सितारे नजर आए और किसके हिस्से में 'फेमिना ब्यूटीफुल इंडियंस 2024' की ट्रॉफी आई...



### माधुरी दीक्षित

*बॉलीवुड की मशहूर अभिनेत्री माधुरी दीक्षित 'फेमिना ब्यूटीफुल इंडियंस 2024' में पहुंचीं। माधुरी बॉल-गाउन में बेहद हसीन लग रही थीं। उन्होंने अपने लुक को पूरा करने के लिए बालों का हाई बन बनाया हुआ था। वहीं माधुरी दीक्षित को 'संसेशनल सुपर स्टार' की ट्रॉफी से सम्मानित किया गया।*



### तमन्ना ने जीता खिताब

मशहूर फैशन डिजायनर मनीष मल्होत्रा को 'फैशन विजनरी' के पुरस्कार से सम्मानित किया गया। वहीं तमन्ना भाटिया को 'स्टार इन द स्पॉट-लाइट' के लिए 'फेमिना ब्यूटीफुल इंडियंस 2024' की ट्रॉफी मिली। इस मौके पर तमन्ना बेहद खुश नजर आईं।



### बॉबी देओल 'मोस्ट लव्ड स्टार

अभिनेता बॉबी देओल को 'मोस्ट लव्ड स्टार' की ट्रॉफी मिली और कार्तिक आर्यन को 'स्टैंड आउट परफॉर्मर ऑफ द ईयर' के लिए 'फेमिना ब्यूटीफुल इंडियंस 2024' की ट्रॉफी से सम्मानित किया गया।

### टाइगर श्रॉफ बने युथ आइकन

'फेमिना ब्यूटीफुल इंडियंस 2024' में टाइगर श्रॉफ को 'युथ आइकन' की ट्रॉफी मिली। साथ ही साथ अनन्या पांडे को 'स्टैंड आउट परफॉर्मर ऑफ द ईयर फीमेल' के पुरस्कार से सम्मानित किया गया।



21 MARCH-JANJ-BHOOMI-PG-04_Layout 1 3/21/2024 10:18 PM Page 1



**खबर संक्षेप**



## श्याम फाल्गुन महोत्सव के दौरान निकली शोभा यात्रा

**बलौदा।** श्याम फाल्गुन महोत्सव के तहत मारवाड़ी समाज द्वारा अग्रसेन भवन में श्याम प्रभू के ज्योत के साथ भव्य निशान यात्रा पूरे नगर में निकाली गई। इसमें महिलाएं एवं पुरुष बड़ी संख्या में शामिल हुए। वहीं संध्या 7 बजे से श्याम नाम भजन रायपुर से राजकुमारी, भाटापारा से विकास शर्मा एवं योगेंद्र गोयल बाबा श्याम को अपने भजनों के माध्यम से रिझाया। निशान यात्रा एवं फागुन श्याम महोत्सव में श्याम प्रेमी बड़ी संख्या में शामिल हुए।

## कार्तिकेश्वर बनें भारत स्काउट्स व गाइड्स के प्रदेश उपाध्यक्ष

**चांपा।** नगर के भाजपा नेता, राज्य युवा आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष तथा भाजपा व्यवसायी प्रकोष्ठ के



प्रदेश सह संयोजक कार्तिकेश्वर स्वर्णकार को भारत स्काउट्स एवं गाइड्स की नवगठित राज्य परिषद में प्रदेश उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। प्रदेश के शिक्षा मंत्री एवं भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के प्रदेश अध्यक्ष बृजमोहन अग्रवाल के निर्देश पर स्वर्णकार को प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। संगठन के प्रदेश सचिव द्वारा विगत 14 मार्च को जारी एक आदेश के तहत उन्हें भारत स्काउट्स एवं गाइड्स की नवीन राज्य परिषद के कुल 9 पदाधिकारियों के साथ प्रदेश उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। नगर के भाजपा नेता कार्तिकेश्वर स्वर्णकार की इस उपलब्धि पर शहर एवं क्षेत्र के भाजपा नेताओं सहित अन्य संगठनों के पदाधिकारियों ने हर्ष व्यक्त किया है।

## कोसला लाईवलीहुड एंड सोशयल फाउंडेशन का शिल्प उन्नति समारोह आज

**जांजगीर-चांपा।** कोसला लाईवलीहुड एंड सोशयल फाउंडेशन द्वारा शुक्रवार 22 मार्च को रंग महल रिसोर्ट चांपा में शिल्प उन्नति समारोह का आयोजन सुबह 10.30 बजे से किया जाएगा। समारोह के दौरान सुबह 11 बजे स्वागत एवं दीप प्रज्वलन होगा। इसके बाद 11.30 बजे कोसला की पहचान और अब तक का सफर, दोपहर 12 बजे कथक नृत्य प्रदर्शन, मौलश्री सिंह, कथक नृत्यांगन रायगढ़ घराना, 1 बजे कोसाला आर्टिसन शिल्प उन्नति योजना का शुभारंभ होगा।

## ग्राम भिलाई में अखण्ड नवधा रामायण 28 से

**जांजगीर-चांपा।** बलौदा ब्लॉक के ग्राम पंचायत भिलाई में अखण्ड नवान्हिक रामायण का आयोजन 28 मार्च से किया गया है। इस दौरान रामचरितमानस का प्रवचन, कीर्तन एवं भजन होगा। शुभारंभ बुधवार 28 मार्च को भव्य कलश यात्रा के साथ होगा। समापन शनिवार 6 अप्रैल को होगा। हवन, सहस्त्रधारा एवं ब्राम्हण भोज रविवार 7 मई को होगा। ब्यासपीठ पर आनंद शर्मा एवं आचार्य संतोष पाठक होंगे। आयोजन की तैयारी में संरक्षक सदनलाल यादव, चंद्रशेखर उपाध्याय, प्रदीप देवांगन, अध्यक्ष मिथिलेश गोपाल, उपाध्यक्ष श्रवण देवांगन, सचिव संतोष देवांगन, सहसचिव पंकज यादव, कोषाध्यक्ष अजय देवांगन, उपकोषाध्यक्ष पवन यादव सहित ग्रामवासी जुटे हुए है। मंच संचालन नरेश देवांगन, राकेश चौहान, धर्मेन्द्र यादव, हीरालाल देवांगन करेंगे।

## सर्व ब्राम्हण समाज का युवक-युवती परिचय सम्मेलन 31 को

**जांजगीर-चांपा।** सर्व ब्राम्हण समाज के तत्वाधान में रविवार 31 मार्च को बैरन बाजार स्थित विप्र भवन रायपुर में सुबह 10 बजे से सर्व ब्राम्हण समाज के विवाह योग्य युवक-युवती, विधवा-विधूर, तलाकसुदा महिला-पुरुष एवं दिव्यांग महिला-पुरुषों का विवाह हेतु परिचय समेलन होगा। इच्छुक सदस्य कार्यक्रम में भाग लेने निःशुल्क पंजीयन 25 मार्च तक करा सकते है।

### शिकायतों के बारे में ली जानकारी एवं दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

# कलेक्टर ने कंट्रोल रूम, सी-विजिल एमसीएमसी कक्ष का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

लोकसभा चुनाव को लेकर कलेक्टर ने कंट्रोल रूम, सी-विजिल कक्ष एवं एमसीएमसी कक्ष का निरीक्षण किया। उन्होंने कंट्रोल रूम में निर्वाचन से संबंधित शिकायतों के बारे में जानकारी ली एवं आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

कलेक्टर आकाश छिकारा ने गुरुवार 21 मार्च को कंट्रोल रूम, सी-विजिल कक्ष एवं एमसीएमसी कक्ष का निरीक्षण किया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर एस पी वैद्य, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती निशा नेताम मड़ावी, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती आराध्या राहुल कुमार सहित संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। कलेक्टर ने कंट्रोल रूम में निर्वाचन से संबंधित शिकायतों के बारे में जानकारी ली एवं आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने वहां उपस्थित अधिकारी-कर्मचारियों से कहा कि निर्वाचन से संबंधित प्राप्त शिकायतों को संबंधित तक पहुंचाये ताकि पारदर्शिता और विश्वसनीयता के साथ शिकायतों का निराकरण त्वरित किया जाए। उन्होंने सी विजिल एप के माध्यम से प्राप्त आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के मामलों की कुशलतापूर्वक त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने मीडिया प्रमाणन एवं अनुवीक्षण कक्ष में पहुंच कर व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। कलेक्टर ने मौके पर उपस्थित प्रिंट मीडिया सेल, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया सेल, सोशल मीडिया सेल एवं एमसीएमसी के प्रभारी एवं सहयोगी अधिकारियों से उनके द्वारा प्रतिदिन संपादित किए जा रहे कार्यों के संबंध में जानकारी ली। कलेक्टर ने एमसीएमसी के अंतर्गत बनाई गई मॉनिटरिंग टीम द्वारा पेड न्यूज, फेक न्यूज, भ्रामक न्यूज पर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए।



निरीक्षण के दौरान जानकारी लेते कलेक्टर आकाश छिकारा।

# शांति पूर्वक मनाएं रंगों का पर्व होली उपद्रव करने पर होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदा

होली त्योहार को लेकर थाना में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। थाना प्रभारी अशोक कुमार बैष्णव ने रंगों का पर्व होली शांति पूर्वक मनाने की अपील की।

उन्होंने सभी जनप्रतिनिधियों को कहा कि आपके नगर व गांव में जो भी उपद्रवी है उन सभी पर ध्यान रखे व होली पर्व शांति पूर्वक मानने, सड़क में कही भी बीच मे नगाड़े न बजाए। उपद्रवियों पर निगरानी रखने के लिए पेट्रोलियम टीम भेजी जाएगी। बैठक में सदन यादव सरपंच भिलाई, शशि अजय जगत सरपंच बुडगहन, पंचराम रात्रे सरपंच करमंदा, रमाकांत यादव, रफीक कुरैशी, नवल सिंह, सुरेंद्र सोनी, हितेश गौरहा, दीपक जैन, नवीन भार्गव, हरीश साहू ,परमानंद राठौर, अजय साहू, सौरभ अग्रवाल, अबदुल अजीज, विवेक रंजन, अजय रगड़े, सन्तोष महिपाल, महाबीर साहू, कोमल साहू,सन्तोष पटेल सहित नगर वासी व जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।



शांति समिति की बैठक में लोगों से चर्चा करते थाना प्रभारी अशोक वैष्णव।

## बम्हनीडीह में होली त्योहार शांति पूर्वक मनाने लिए सुझाव

**बम्हनीडीह।** होली त्यौहार को लेकर थाना प्रभारी मणि कांत पाण्डे की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक रखी गई जिसमे होली त्यौहार को लेकर शांति व्यवस्था बनाने जनप्रतिनिधियों से सुझाव लिया गया एवं सहयोग करने की अपील की गई। इस मौक़े पर ग़ुलाबुद्दीन खान,बाबूलाल जायसवाल, आलोक अग्रवाल, राम दास वैष्णव, गोपाल पटेल, संतोष यादव सहित ग्राम पंचायतों के सरपंच, बीडीसी, जनप्रतिनिधि, पत्रकार सहित थाना स्टाफ के लोग मौजूद थे।





## मिडिल और प्रायमरी स्कूल कुलीपोटा में न्योता भोज

**जांजगीर-चांपा।** शासकीय मिडिल और प्रायमरी स्कूल कुलीपोटा में न्योता भोज का आयोजन पंचायत सचिव स्वास्थ्य और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के द्वारा किया गया। न्योता भोज में बच्चों को खीर पुड़ी व चावल दाल परोसा गया। इस दौरान पंचायत सचिव लक्ष्मीन उरांव, रोजगार सहायक सीमा अनंत, स्वास्थ्य विभाग से जयपाल बर्मन, शैल बाला दुबे, मिडिल स्कूल की प्रधान पाठक प्रमिला पाटले, अमित पाठक, डॉ. प्रतीक्षा शुक्ला, दीपा सिदार , विजय भारती पटेल प्रायमरी स्कूल की पूजा राठौर, राजेश्वरी राठौर सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# श्याम पाठ के साथ श्याम फाल्गुन महोत्सव का समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

स्थानीय मोदी चौक एनीकट जाने वाले मार्ग पर स्थित श्री खाटू वाले श्याम मंदिर में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी त्रिदिवसीय श्री श्याम फाल्गुन महोत्सव का आयोजन 19 से 21 मार्च तक किया गया। महोत्सव का शुभारंभ मंगलवार 19 मार्च को सायं 4 बजे से श्री श्याम नाम की मेहंदी के साथ हुआ। महोत्सव के दूसरे दिन सुबह 9 बजे सदर बाजार स्थित राधा - कृष्ण मंदिर परिसर के समक्ष से श्याम मित्र मंडल के तत्वाधान में भव्य निशान यात्रा श्री श्याम मंदिर तक निकाली गई। महोत्सव के तीसरे और अंतिम दिन श्याम मंदिर में सुबह 10:30 बजे से संक्षिप्त श्याम पाठ हुआ। इसके बाद अग्रसेन भवन में भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें करीब 700 लोगों ने शामिल होकर प्रसाद ग्रहण किया। श्याम मंदिर में आयोजित त्रिदिवसीय महोत्सव के तहत प्रथम दिन मंगलवार 19 मार्च को शाम 4 बजे से मंदिर परिसर में श्री श्याम सखी मंडल द्वारा अल्पाहार के साथ श्री श्याम नाम की मेहंदी का कार्यक्रम रखा गया।

- भंडारे में अनेक विशिष्टजन ने किया प्रसाद ग्रहण

महोत्सव के दूसरे दिन बुधवार 20 मार्च को सुबह 9 बजे से श्याम मित्र मंडल के तत्वाधान में राधाकृष्ण मंदिर के समक्ष से श्री श्याम बाबा की भव्य निशान यात्रा श्याम मंदिर तक निकाली गई। इसके पश्चात सुबह 10 बजे से श्री श्याम प्रभु का दुग्धाभिषेक किया गया। इस दिन रात्रि 9 बजे से देर रात्रि तक एकादशी पर श्री श्याम प्रभु के सुप्रसिद्ध भजन - कीर्तन की अंचल के गायको द्वारा प्रस्तुति दी गई। महोत्सव के तीसरे और अंतिम दिन सुबह 10:30 बजे से श्याम मंदिर में संक्षिप्त श्याम पाठ किया गया। श्याम पाठ पंकज दुर्गा अग्रवाल द्वारा कराया गया। श्याम पाठ में श्याम सखी मंडल के अलावा श्याम भक्त महिलाएं बड़ी संख्या में शामिल हुई। श्याम पाठ संपन्न होने के पश्चात पं. नीलमणी द्विवेदी द्वारा श्री श्याम प्रभु की आरती की गई। इसके बाद अग्रसेन भवन में भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें जांजगीर - चांपा विधायक व्यास नारायण कश्यप, नगर के सुप्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. जी.के. नायक, डॉ. आर.के. चंद्रा, डॉ. जी.पी. दुबे, डॉ. राधेश्याम सोनी, डॉ. नरेश देवांगन, डॉ. के.डी. सिंह, प्रकाश इंडस्ट्रीज के संजय जोशी, सुधाकर सारस्वत, चंद्रशेखर दीवान, अशोक वैष्णव, नगर निरीक्षक नरेश पटेल, अग्रवाल सेवा संघ के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल, श्याम बाबा सेवा समिति के पूर्व अध्यक्ष शीतल केडिया, संतोष अग्रवाल, दुर्गा अग्रवाल, बजरंग अग्रवाल, पवन मोदी, समिति के संरक्षक रामनारायण मोदी, सुनील अग्रवाल, कोषाध्यक्ष किशोर मोदी, सचिव दिनेश केडिया, राज अग्रवाल, विष्णु मोदी, विजय मित्तल, रामाअवतार मित्तल के अलावा बड़ी संख्या में समिति के सदस्यगण तथा श्याम सखी मंडल एवं श्याम मित्र मंडल के पदाधिकारी एवं सदस्यगण शामिल हुए।



श्याम मंदिर में श्याम पाठ करती श्रद्धालु महिलाएं।

## ज्ञान भारती स्कूल में पुरस्कार वितरण समारोह कल

**जांजगीर-चांपा।** ज्ञान भारती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय (हिन्दी माध्यम एवं अंग्रेजी माध्यम) जांजगीर में शनिवार 23 मार्च को सुबह 9 बजे से पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन रखा गया है। पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि विद्यालय के संचालक आर.सी. पाण्डेय होंगे। समारोह में विगत वर्ष 2022-23 की बोर्ड परीक्षा 10 वीं, 12 वीं एवं स्थानीय परीक्षा के परिणाम में उत्कृष्ट अंक लाने पर छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया जावेगा। इसी तरह वर्ष 23-24 में विद्यालयीन खेलकूद कार्यक्रम में क्रमशः फैंसी ड्रेस, जलेबी दौड़, चम्मच दौड़, मिट्टी के खिलौने, खो-खो , कब्बडी, क्रिकेट, कुर्सी दौड़, रंगोली प्रतियोगिता, स्लोगन, थाल सज्जा आदि इसके साथ ही साथ 26 जनवरी को सांस्कृतिक कार्यक्रम व पी.टी. में भाग लेने वाले छात्र-छात्राओं को मेडल व प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जावेगा। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए पालक गण अपने बच्चों को साथ लेकर आवें।

# रक्तदान कर दूसरों को दे सकते हैं नया जीवन : महंत

हरिभूमि न्यूज ⏭ तालदेवरी

बम्हनीडीह ब्लॉक के ग्राम पंचायत करनौद में सनातनी युवा संगठन करनौद के द्वार बिलासा ब्लड बैंक के सहयोग से ब्लड डोनेशन कैंप आयोजित किया गया।

- करनौद में आयोजित रक्तदान शिविर में 65 लोगों ने किया रक्तदान

शिविर का शुभारंभ भगवान श्री राम प्रभू की पूजा अर्चना से हुआ। रक्तदान महादान शिविर के दौरान 65 लोगों ने रक्तदान किया। इस कैंप में सबसे पहले भुवन कुम्हार सचिव ग्राम पंचायत करनौद, दुर्गा प्रसाद डडसेना मीडिया प्रभारी और रघुनाथ सारथी पंच, घन्नू डडसेना ने सबसे पहले रक्तदान महादान में अपना ब्लड डोनेट किया। दुर्गा प्रसाद डडसेना ने कहा कि रक्तदान महादान है। हम रक्तदान कर किसी का जीवन बचा सकते हैं। हर स्वस्थ व्यक्ति को प्रत्येक तीन माह पर रक्तदान करना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमें जितनी रक्त की आवश्यकता है, उतनी मात्रा में लोग रक्तदान नहीं कर रहे हैं। उन्होंने आम लोगों से अपील की कि निश्चित रूप से रक्तदान करें तथा लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करें। वही इस कैंप के आयोजक घन्नु डडसेना ने कहा कि आवश्यकता पड़ने पर बिलासा ब्लड बैंक से ब्लड प्राप्त किया जा सकता हैं। बम्हनीडीह भाजपा मंडल के पूर्व अध्यक्ष चेतन महंत ने कहा कि रक्तदान करने से लोगो की शरीर स्वस्थ्य रहता है सभी को हर तीन तीन महीने में रक्तदान करना चाहिए,और लोगो को भी प्रेरित करना चाहिए। इस कैंप में आयोजक सनातनी युवा संगठन और बिलासा ब्लड बैंक बिलासपुर के द्वारा सभी रक्तदान करने वाले लोगो को सड़क सुरक्षा जागरूक करने के लिए सभी को हेलमेट और प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया। साथ ही साथ सभी के लिए भोजन की भी व्यवस्था किया गया था। कार्यक्रम में लोकेश साहू, गजाधर श्रीवास, जयशंकर देवांगन,भुवन कुम्हार, शैलेन्द्र डडसेना, रघुनाथ सारथी, राजेन्द्र यादव, तुलेश पटेल, दीपांशु पटेल, अमित डडसेना, राजेन्द्र कुमार डडसेना, रामप्रसाद ,भोला राम देवांगन, सद्दाम हुसैन खान, सूरज देवांगन,सुखलाल कुम्हार, उदल राम डडसेना, अश्वनी डडसेना, मनीष पटेल, परमेश्वर जलतारे उपस्थित थे।



शिविर में रक्तदान करने वाले लोगों को प्रशस्ति पत्र व हेलमेट देकर सम्मान करते अतिथि।

# बेल्हाडीह के ग्रामीण हुए लामबंद राखड़ पाटने का कर रहे विरोध

**बेल्हाडीह-जेठा।** ग्राम पंचायत बेल्हाडीह के ग्रामवासियों ने राखड़ डंपिंग में रोक लगाने की मांग को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। कलेक्टर के नाम सौंपे गए ज्ञापन के माध्यम से ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम के सरपंच एवं सचिव पर अपने निजी लाभ के लिए फर्जी तरीके से स्वयं पंचों का हस्ताक्षर कर प्रस्ताव करके राखड़ डंपिंग कर पर्यावरण एवं जल स्तर को खराब कर रहे है। इसके चलते आसपास के बोरवेल के जलस्तर नीचे चला गया है। साथ ही क्षेत्र में लगाई गई रबी फसल भी बर्बाद हो रही है। ग्रामीणों ने कलेक्टर से इस पर रोक लगाने की मांग की है ताकि इसके दुष्प्रभाव को रोका जा सके और इससे होने वाले नुकसान से बचा जा सके।

- कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर डंपिंग पर रोक लगाने की मांग

ज्ञापन सौंपन वालों में लक्ष्मण प्रसाद साहू, गोपाल साहू, सुनील कुमार यादव, भुवनेश्वर, भूपेंद्र कुमार, दिलचंद बरेठ, कृष्णकांत महंत, हरीश, रामकुमार साहू, शांतिलाल, राजेंद्र, राम प्रसाद, टस कुमार, गोवर्धन, धनीराम, तुलसी दास, कृष्णा यादव, ओमप्रकाश, चंदन, गणेश, साकेत, रमेश, बरत, पीतांबर, रवि, जनक, गोपाल, संतोष, वीरेंद्र, संजू साहू, डोमन, मृगेंद्र, भुवमल, मंगलूराम, भरत लाल, चंद राम, रमेश, मनोज, रोहित शामिल हैं।

# संत रामपाल के सानिध्य में 52 जोड़ों का हुआ विवाह

**जांजगीर-चांपा।** संत रामपाल महाराज के सानिध्य में म.प्र.के बैतूल जिले के उड़दन स्थित सतलोक आश्रम में मंगलवार से समागम चल रहा है। इस दौरान 52 जोड़ों का दहेज मुक्त विवाह हुआ।

तीन दिनों तक चलने वाले इस समागम में बड़ी संख्या में भक्तगण शामिल हो रहे है। समागम की शुरूआत अखंड पाठ की वाणी के साथ हुई। इस बार संत गरीबदास महाराज के बोध दिवस के उपलक्ष्य में 19 से 21 मार्च तक महाविशाल समागम मनाया जा रहा है, जिसमें 3 दिवसीय महाविशाल भंडारा व संत गरीबदास महाराज की अमृतमय वाणी का अखंड पाठ आयोजित किया गया है। साथ ही अन्य कार्यक्रम जैसे रक्त दान शिविर, दहेज मुक्त विवाह का आयोजन 20 मार्च को किया गया। इस बार संत रामपाल महाराज के पावन सानिध्य में 52 जोड़ों का दहेज मुक्त विवाह संपन्न हुआ जो महज़ 17 मिनट में ही गुरुवाणी के माध्यम से संपन्न हुआ। साथ ही अनुयायियों द्वारा जिला चिकित्सालय को 562 यूनिट रक्तदान किया गया व 5218 अनुयायियों द्वारा देहदान संकल्प फार्म भी भरे गए। इस 3 दिवसीय समागम में आश्रम की ओर से प्रेरणादाई प्रदर्शनी भी लगाई गई है। इस आयोजन में जांजगीर चांपा जिले से 16 मार्च से संत रामपाल महाराज के शिष्य भंडारा बनाने मं सहयोग कर रहे है। वहीं 10 हजार की संख्या में जिले के अनुयायी आश्रम द्वारा आमंत्रित किए जाने पर शामिल होने पहुंचे हुए हैं। भंडारा में बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।







